Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 38 ▫ रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# साय सरकार कल पेश करेगी बजट

## एक लाख 60 हजार करोड़ का होने का अनुमान



**रायपुर,** 2 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहला बजट वर्ष 2000 में पेश किया गया था, जिसका आकार सिर्फ 5,700 करोड़ रुपये था. 25 वर्षों में यह 30 गुना बढ़कर 1,60,000 करोड़ रुपये तक का हो सकता है. यह साफ दर्शाता है कि राज्य ने आर्थिक रूप से काफी प्रगति की है. छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार 3 मार्च को अपना दूसरा पूर्ण बजट पेश करने जा रही है. यह राज्य का 24वां बजट होगा, जिसे वित्त मंत्री ओपी चौधरी विधानसभा में प्रस्तुत करेंगे. इस बार बजट का आकार करीब 1 लोखा 60 हजार करोड़ रुपये रहने की संभावना है, जो पिछले साल के 1,47,000 करोड़ की तुलना में लगभग 10प्रतिशत अधिक है।

ऐसी संभावना है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों और आदिवासी वर्ग पर विशेष ध्यान देने वाला हो सकता है. इसके अलावा, बस्तर और सरगुजा के विकास, टूरिज्म और इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी सरकार का फोकस रहेगा. सरकार महतारी वंदन योजना को विस्तार कर सकती है. महतरी वंदन योजना में छूट गई महिलाओं के लिए प्रावधान हो सकते है. महतरी वंदन योजना के तहत 1000 रुपये महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जाती है, जिससे उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा. बजट में युवाओं के लिए स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जा सकता है. इससे नए उद्यमियों को आर्थिक मदद मिलेगी और बेरोजगारी को कम करने में सहायता मिलेगी. सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार कुछ नया कर सकती है . किसानों के लिए सिंचाई, फसलों के लिए अनुदान और बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा सकता है. बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है. इसके तहत एडवेंचर स्पोर्ट्स, वाइल्डलाइफ टूरिज्म और पारंपरिक पर्यटन स्थलों के विकास को प्राथमिकता दी जा सकती है.

शिक्षकों की भर्ती को लेकर भी बजट में खास प्रावधान किए जाने की उम्मीद है, क्योंकि सरकार ने शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था. इससे सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकेगा. ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नई योजनाएं शुरू की जा सकती हैं. इससे गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों का विकास होगा. बजट में सरकारी विभागों को डिजिटल बनाने और ई-गवर्नेंस को मजबूत करने के लिए भी प्रावधान किए जा सकते हैं. छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहला बजट वर्ष 2000 में पेश किया गया था, जिसका आकार सिर्फ 5,700 करोड़ रुपये था. 25 वर्षों में यह 30 गुना बढ़कर 1,60,000 करोड़ रुपये तक का हो सकता है. यह साफ दर्शाता है कि राज्य ने आर्थिक रूप से काफी प्रगति की है. छत्तीसगढ़ के लोगों को इस बजट से नई नौकरियों, किसानों के लिए आर्थिक राहत, महिलाओं के लिए सशक्तिकरण योजनाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की उम्मीदें है. देखना होगा कि सरकार जनता की उम्मीदों पर कितनी खरी उतरती है.

# पेटीएम को 612 करोड़ का ईडी का नोटिस



**नई दिल्ली,** 2 मार्च (न्यूज चैनल)। प्रवर्तन निदेशालय ने फिनटेक फर्म पेटीएम के मालिक वन97 कम्युनिकेशंस को उसकी अधिग्रहीत दो सहायक कंपनियों के में फेमा नियमों के उल्लंघन पर 612 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है। पेटीएम ने स्पष्ट किया कि उल्लंघन उस अवधि से संबंधित है जब दोनों कंपनियां उसकी सहायक कंपनियां नहीं थीं। पेटीएम ने 2017 में दोनों कंपनियों का अधिग्रहण किया था।

पेटीएम ब्रांड के मालिक वन97 कम्युनिकेशंस (ओसीएल) ने बीएसई को सूचित किया कि उसे अपनी सहायक कंपनियों लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए 28 फरवरी को ईडी से फेमा उल्लंघन नोटिस मिला है। यह इन कंपनियों के पूर्व ग्रुपऑन के साथ-साथ कुछ निदेशकों और अधिकारियों के अधिग्रहण के संबंध में 2015 से 2019 के बीच विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) के कुछ प्रावधानों के उल्लंघन से संबंधित है। पेटीएम ने कहा कि वह लागू कानूनों और नियामक प्रक्रियाओं के अनुसार मामले को हल करने के लिए, आवश्यक कानूनी सलाह ले रही है।

## ईडी ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डेसे गिरफ्तार किए 3,558 करोड़ रुपये के घोटाले के मास्टरमाइंड

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रवर्तन निदेशालय ने 3,558 करोड़ रुपये के घोटाले के कथित मास्टरमाइंड सुखविंदर सिंह खरूर और डिंपल खरूर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन लुक आउट सर्कुलर के चलते उन्हें एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, यह गिरफ्तारी व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई है। गिरफ्तारी के बाद जालंधर की एक अदालत ने दोनों आरोपियों को ईडी की हिरासत में भेज दिया है, ताकि उनसे और जानकारी मिल सके।

## ब्रेकिंग न्यूज

### फेमस सिंगर की सड़क हादसे में मौत, संगीत जगत में पसरा मातम



**नई दिल्ली,** 2 मार्च (न्यूज चैनल)। ग्रैमी नॉमिनेटेड आर एंड बी गायिका एंजी स्टोन का शनिवार सुबह एक कार दुर्घटना में निधन हो गया। वह 63 वर्ष की थीं और विश आई डिड नॉट मिस यू जैसे गानों के लिए जानी जाती थीं। एंजी स्टोन ऑल-फीमेल हिप-हॉप ट्रायो द सीक्वेंस की सदस्य भी थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, संगीत निर्माता और स्टोन के मैनेजर वाल्टर मिल्सैप तृतीय ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। एंजी स्टोन एक वाहन से अलबामा से अटलांटा लौट रही थीं, तभी उनका वाहन पलट गया और एक बड़े ट्रक से टकरा गया। इस दुर्घटना में स्टोन के अलावा सभी लोग सुरक्षित रहे। अलबामा हाईवे पेट्रोल ने जानकारी दी कि 2021 मर्सिडीज-बेंज स्प्रिंटर वैन शनिवार सुबह लगभग 4:25 बजे इंटरस्टेट 65 पर पलट गई। वैन का चालक और सात अन्य लोग घायल हुए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसा मोंटगोमरी शहर के लगभग 8 किलोमीटर दक्षिण में हुआ। एंजी स्टोन को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है।


### राहुल गांधी के केरल कांग्रेस के नेताओं में भरा जोश, कहा- वे आगे के उद्देश्य के लिए एकजुट



**नई दिल्ली,** 2 मार्च (न्यूज चैनल)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की हालिया टिप्पणी पर उठे विवाद के बाद राहुल गांधी ने केरल के नेताओं में जोश भरा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि केरल कांग्रेस के नेता एक हैं। वे आगे के उद्देश्य को लेकर एकजुट हैं। शुक्रवार को कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी की रणनीति पर विचार-विमर्श के लिए इंदिरा भवन में केरल के नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया था। इसके बाद राहुल गांधी ने फेसबुक पर लिखा कि वे एक साथ खड़े हैं। आगे के उद्देश्य की रोशनी के लिए एकजुट हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में हैशटैग टीम केरल भी लिखा।

कांग्रेस के इंदिरा भवन मुख्यालय में करीब तीन घंटे तक चली बैठक में अनुशासन, एकता और राज्य संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई थी। बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं को राजनीतिक रणनीति को लेकर बहुत सावधान रहना चाहिए। साथ ही पार्टी लाइन से हटकर कुछ भी नहीं करना या कहना चाहिए। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुशासन, एकता और पार्टी की केरल इकाई को मजबूत करने के लिए रिक्त पदों को भरने पर जोर दिया था। बैठक में एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल, वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, केरल कांग्रेस प्रमुख के सुधाकरन, केरल विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता वीडी सतीसन, तिरुवनंतपुरम सांसद थरूर और केरल की एआईसीसी प्रभारी दीपा दासमुंशी समेत अन्य मौजूद थे।

# नोटिस का जवाब नहीं देने वाले कमिश्नर को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार



**भिलाई,** 2 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भिलाई नगर निगम कमिश्नर को एक मामले में नोटिस का जवाब नहीं देने और ड्रेस कोड का पालन नहीं करने पर जमकर फटकार लगाई। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच ने पूछा कि नोटिस के बाद भी अदालत में उपस्थित क्यों नहीं हुए। इस पर आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जानकारी न होने का हवाला देते हुए माफी मांगी। हालांकि, कोर्ट ने बाद में केस को निराकृत कर दिया। दरअसल, साल 2018 में स्वच्छता अभियान के तहत कैंपस पाली प्लास्टिक नामक कंपनी को डस्टबिन सप्लाई का ठेका दिया गया था। भिलाई नगर निगम को सूडा के माध्यम से यह टेंडर मिला था। लेकिन, डस्टबिन की गुणवत्ता में खामियां पाए जाने पर निगम ने कंपनी के 10 प्रतिशत भुगतान को रोक दिया। कंपनी ने बकाया राशि की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

इस मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नगर निगम को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। जब सुनवाई हुई तब निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान हाईकोर्ट ने नोटिस का जवाब नहीं देने पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि उनकी लापरवाही के कारण मामला लंबित रहा। भुगतान से जुड़े विवाद को देखते हुए कोर्ट ने मामले को मध्यस्थता के माध्यम से हल करने की जरूरत बताई। नगर निगम के वकील की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कंपनी की याचिका खारिज कर दी और निर्देश दिया कि भुगतान संबंधी विवाद का समाधान मध्यस्थता प्रक्रिया के जरिए किया जाए।

# नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 2.37 लाख की हेरोइन और अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 2 मार्च (हाईवे चैनल)। थाना कबीर नगर पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से 14.70 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 12.75 ग्राम अफीम बरामद की गई, जिसकी कुल कीमत लगभग 2,37,760 रुपये आंकी गई है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

रायपुर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में 1 मार्च 2025 को थाना कबीर नगर पुलिस को सूचना मिली कि रिंग रोड नंबर 2 के पास एक व्यक्ति मादक पदार्थ बेचने की फिराक में है. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दविंदर सिंह (52 वर्ष), निवासी अमृतसर, पंजाब बताया. जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके कुर्ते की जेब से दो पन्नियों में 14.70 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 12.75 ग्राम अफीम बरामद हुई. पुलिस द्वारा जब उससे इस मादक पदार्थ को रखने के वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगा. थाना कबीर नगर पुलिस ने आरोपी दविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 27/25, धारा 18(ए), 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया. आरोपी के पास से 9010 रुपये नगद भी जब्त किए गए। इस कार्रवाई में निरीक्षक दीपेश जायसवाल, सहायक उपनिरीक्षक गौरी शंकर सिंह, प्रधान आरक्षक भारद्वाज, आरक्षक पिलेश्वर प्रसाद, अशवन दास और राकेश चंद्राकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खाना खाने के बाद परिजनों ने पिया मरी हुई छिपकली वाला पानी, सभी अस्पताल में भर्ती



**कोरबा,** 2 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में आज रसोई में लापरवाही के चलते एक ही परिवार के चार लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए. इनमें परिवार के पति-पत्नी और बेटी दामाद शामिल हैं. सभी को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना कोरबा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र बरपाली तुरिधाम नगरदा गांव की है. यहां 50 वर्षीय प्यारेलाल, उसकी पत्नी 48 वर्ष, उनकी 32 वर्षीय बेटी कलाबाई और 35 वर्षीय दामाद रथराम एक साथ खाना खाए. खाना खाने के 1 घंटे बाद अचानक सभी की तबीयत बिगने लगी. चारों को तुरंत एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया. बताया जा रहा है कि पीने का पानी जिस टब में रखा गया था, उसमें छिपकली मरी हुई मिली. खाना खाने के दौरान इसी पानी के उपयोग करने से चारों की तबीयत बिगड़ गई.

# जंगली सूअर के शिकार के लिए बिछाया था जाल, एक की मौत, एक आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर,** 2 मार्च (हाईवे चैनल)। जंगली जानवरों का शिकार करने शिकारी विद्युत तार का इस्तेमाल कर रहे हैं. इसकी चपेट में आने से जानवरों की जान तो जा ही रही है लेकिन ग्रामीण भी अपनी जान गवां रहे हैं. ताजा मामला सरगुजा जिले के दरिमा थाना क्षेत्र के पंपापुर गांव से सामने आया है. यहां जंगली सूअर के शिकार के लिए बिछाए गए करंटयुक्त तार की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई है. ग्रामीण की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने जंगली जानवरों को फंसाने के लिए खेत में बिजली का तार बिछाया था, जिससे करंट लगने से ग्रामीण की मौत हो गई. पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी फरार है

# निकाय चुनाव के बाद जिला, जनपद चुनाव में भी भाजपा का कब्जा

## जिला पंचायत व धमतरी, कुरुद, नगरी, मगरलोड में भी भाजपा की जीत

■ 4, 5 मार्च को होगा जनपद जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चयन





**धमतरी,** 2 मार्च (हाईवे चैनल)। नगरीय निकाय चुनाव के बाद पंचायत चुनाव के तीनो चरणों में भी भाजपा प्रत्याशियों ने बड़ी जीते दर्ज की है। इससे जिला पंचायत सहित सभी जनपदो में भाजपा का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है।

ज्ञात हो कि धमतरी जिला पंचायत की 13 में से 11 सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वहीं धमतरी जनपद पंचायत में 18 सीटों पर भाजपा 7 पर कांग्रेस, जनपद पंचायत कुरुद में 22 पर भाजपा 3 पर कांग्रेस, नगरी जनपद पंचायत में 14 सीट पर भाजपा, मगरलोड जनपद पंचायत में 15 भाजपा, 7 कांग्रेस व 1 सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिली है। इसी प्रकार पंच सरपंच चुनाव में भी भाजपा ने बहुमत हासिल किया है। पंचायत चुनाव के बाद जिपं और जनपद पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया होगी। 4 मार्च को जनपदो में और 5 मार्च को जिपं में अध्यक्ष, उपाध्यक्षों का निर्वाचन होना है।



**मगरलोड, कुरुद जनपद व जिला पंचायत** –

**भाजपा ने कांग्रेस से छीना धमतरी,** चुनाव के पूर्व धमतरी जिला पंचायत में कांग्रेस का कब्जा था। 13 में से 10 सदस्य थे। इस बार मात्र 2 सदस्य रह गये है। वहीं धमतरी, कुरुद व मगरलोड जनपद पंचायत में भी कांग्रेस की सत्ता थी अब यहां भी भाजपा काबिज होगी इस बार यह चुनाव कांग्रेस के लिए हार से भरा रहा है।

### कांग्रेस में मंथन की जरुरत

नगरीय निकाय चुनाव में धमतरी नगर निगम सहित पांच में से चार नगर पंचायतों में भाजपा जीती है। कांग्रेस को एक नगर पंचायत में बस जीत मिल पाई है। वहीं अब जिपं और जनपद पंचायत में भी कांग्रेस साफ हो गई है। यह चुनाव परिणाम कांग्रेस के लिए आत्म मंथन करने वाला है। हालांकि अभी तक मंथन की कोई प्रयास नजर नहीं आ रहा है।

# रायपुर में 10वें मंजिल से गिरकर युवती की मौत



**रायपुर,** 2 मार्च (हाईवे चैनल)। राजधानी में 10वें मंजिल से गिरकर लड़की की मौत होने से इलाके में हड़कंप मच गया है. यह घटना ऐश्वर्या एम्पायर बी-2 की है. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है. वहीं इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश हैं. उनका कहना है कि करोड़ों में फ्लैट बेचा जा रहा, लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है. बार-बार सुरक्षा की मांग करने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा. सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने के चलते यह हादसा हुआ है.



पुलिस के मुताबिक मृतिका की पहचान आहाना जैन पिता मनोज जैन के रूप में हुई है जो की डी.डी नगर की रहने वाली थी. पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी है. हत्या, आत्महत्या या फिर दुर्घटना, अभी क्लियर नहीं हो पाया है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.